# लगा दे मोरछड़ी का झाड़ा | By Jay Ram Pandey

आज तेरे भक्तों पे दया सरकार हो जाए
लगादे मोरछड़ी का झाड़ा बेडा पार हो जाये

काम करती है ऐसा जो कोई कर ना पाए
बिना झाड़े के किस्मत कभी भी संवर ना पाए
आज तेरे दरबार मेरा उद्धार हो जाए
लगादे मोरछड़ी का झाड़ा बेडा पार हो जाये

मोरछड़ी आगे आगे ज़माना पीछे पीछे
देख कर हो जाती है ये गर्दन नीचे नीचे
इक झाड़े हर सपना साकार हो जाए
लगादे मोरछड़ी का झाड़ा बेडा पार हो जाये

ये झाड़ा मोरछड़ी का लगा अपने हाथों से
करा दे पूजा इसकी श्याम मेरे हाथों से
थामे मोरछड़ी तेरा दीदार हो जाए
लगादे मोरछड़ी का झाड़ा बेडा पार हो जाये

काम अटके जो तेरा कभी जो नैया भटके
अगर जो गाडी तेरी खाये बनवारी झटके
लेकर मोरछड़ी असवार हो जाए
लगादे मोरछड़ी का झाड़ा बेडा पार हो जाये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9d%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-by-jay-ram-pandey/